राधा तेरी चुनरी है लाल लाल

राधा तेरी चुनरी है लाल लाल रे,
उस पे ये तेरी गज़ब चाल रे,
राधा तेरी चुनरी है लाल लाल,

पायल की छम छम से घायल बनाया,
श्याम सांवरिया है तुझपे समाया,
नैना मिला के किया बेहाल रे,
उस पे तेरी ये गज़ब चाल रे,
राधा तेरी चुनरी है लाल लाल

मुरली की धुन सुन के दौड़ी तू आये,
यमुना तट पे रास रचाये,
तुझको रिजाये तेरा नन्द लाल रे,
उसपे तेरी ये गज़ब चाल रे,
राधा तेरी चुनरी है लाल लाल

कान्हा के दिल की है राधा तू रानी,
प्रेम गम आजमी कहे प्रीत पुराणी,
यशवंत भजन गाये बेमिसाल रे,
उसपे तेरी ये गज़ब चाल रे,
राधा तेरी चुनरी है लाल लाल

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/8877/title/radha-teri-chunari-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |